तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 धरती आबा जनजाति शिविरों में हितग्राहियों...

13 महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष ने की बेलसोंडा...


स्थापना वर्ष 2014
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years
पता : राछाभाठा (नवागढ़) जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.), कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बरेकेल में एक महिला के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पिथौरा पुलिस को यशोदा निराला वार्ड क्रमांक 13 ग्राम बरेकेलखुर्द ने बताया कि 25 जून की शाम करीब 5 बजे अपने आंगन में पीने के लिए नल का पानी भर रही थी, तभी मेरे बड़े ससुर के बहू ललिता बाई निराला बरसात के गंदे पानी को मेरे घर के आंगन तरफ बहा रही थी, जिससे नल के पानी को पीने के लिये नहीं भर पा रही थी। इसी बात को लेकर मेरे जेठानी ललिता बाई ने गाली गलौच कर पत्थर उठाकर मारपीट किया और जेठ रविदास निराला ने फावड़ा उठाकर जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर आरोपियों के खिलाफ धार 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मारपीट के दो मामलों में आरोपियों पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नगर में मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पहले मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी शहबाज खान वार्ड 01 शंकर नगर पुराना हॉस्पिटल के पास भूषण होटल से काम कर रात्रि करीब 9.30 बजे अपने घर आ रहा था, उसी समय उसने देखा कि कुछ लोग उसके भाई गुलजार खान के साथ महासमुंद रेलवे पटरी के पास गाली गलौज मारपीट कर रहे थे। जब उसने पास जाकर देखा तो पंकज यादव, चीकू यादव व अन्य उसके दोस्त थे। जब वह झगड़ा शांत कराकर वापस अपने भाई गुलजार को लेकर घर आ रहा था, उसी समय पंकज यादव, चीकू यादव व अन्य उसके दोस्त फिर से उसके घर के पास आये और सभी ने उसे तथा उसके भाई सद्दाम खान एवं गुलजार के साथ मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरे मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि केसरीचंद साहू निवासी वार्ड 14 डॉ. लालवानी गली 24 जून को अपने बेटे नागेंद्र कुमार साहू के साथ सब्जी बेचने के लिये सब्जी मार्केट गए थे, रात 8:30 बजे तक घर आ आए और उसका मेरा बेटा खाना खाकर बस स्टैंड की ओर टहलने निकल गया। रात्रि 9 से 10 बजे के बीच रैन बसेरा बस स्टैंड के पीछे में दीपक यादव के साथ सुलेमान खान व एक अन्य का विवाद हो रहा था तथा जिसे नागेंद्र द्वारा मना करने पर सुलेमान ने जमीन में पटक दिया।

# राशन के लिए बचे महज 4 दिन, ईकेवासी नहीं होने पर नहीं मिलेगा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में तीन माह का चावल लेने के लिए लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतर राशन दुकानों में भीड़ लग रही है। लोगो को राशन लेने घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। शासकीय उचित मूल्य दुकानों में तीन महीने का चावल एक साथ उठाने के लिए रोजाना भीड़ लग रही है।

जिले में अब 60 प्रतिशत ही राशन का वितरण किया गया है और अभी भी 40 प्रतिशत राशन वितरण करना है। इधर, राशनकार्ड ई-केवाईसी की अंतिम तिथि भी निर्धारित कर दी गई है। जिसमें 43,016 से अधिक राशन कार्ड को ई-केवाईसी करवाना होगा। अंतिम तिथि 30 जून तक महज 4 दिन में ई-केवाईसी कराना बड़ी चुनौती होगी। सार्वनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत पंजीकृत राशन कार्डधारियों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिले में कुल 366630 राशन कार्ड प्रचलित हैं। जिसमें 1157797 सदस्य पंजीकृत हैं। लेकिन अब तक 987608 सदस्य ई-केवाईसी करा पाए हैं। जबकि 170189 सदस्यों को ई-केवाईसी करवाना बाकी है।

खाद्य विभाग के मुताबिक 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ई-केवाईसी से छूट दी गई है। लेकिन, हितग्राहियों को सख्त हिदायत दी गई है कि किसी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए 30 जून तक ई-केवाईसी पूरा कराएं। जानकारी के मुताबिक ई-केवाईसी की सुविधा सभी उचित मूल्य दुकानों में ई-पास मशीनों के माध्यम से उपलब्ध है। लेकिन, राशन दुकान संचालक जून महीने में हितग्राहियों को तीन महीने का चावल वितरण करने में व्यस्त हैं। जिससे केवाईसी कराने वालों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। क्योंकि मोबाइल ओटीपी से चावल वितरण कर रहे हैं।

## तीन महीने का राशन लेने के लिए दुकानों में घंटों इंतजार करने विवश है हितग्राही

### इन्हें छह बार बताना पड़ रहा है ओटीपी

बीपीएल हितग्राहियों के मोबाइल पर 6 बार और एपीएल कार्डधारियों के मोबाइल पर तीन बार ओटीपी नंबर आता है। जिसकी वजह से दिनभर में मुश्किल से 15 से 20 कार्डधारी को राशन वितरण कर पा रहे हैं। ऐसे में बिना आधार लिंक मोबाइल फोन के लिए राशन दुकान जाने वाले हितग्राही को अपने घर के फोन में आने वाले ओटीपी नंबर को लेना पड़ रहा है।



### जून के बाद राशन मिलेगा कि नहीं, इस पर संशय

शासन की योजना है कि माह जून में 3 माह का चावल वितरित किया जाना है। बारिश एवं सुदूर इलाकों में ट्रांसपोर्ट एवं वितरण की समस्या होने के कारण माह जून में जून, जुलाई एवं अगस्त का चावल एकमुश्त देना है। हितग्राहियों में असमंजस एवं डर है कि माह जून के बाद शायद चावल न मिले इसलिए भी तीनों माह का चावल लेने राशन दुकानों में भीड़ बढ़ गई है। अब तक शासन द्वारा भी स्पष्ट नहीं है कि जून माह के बाद एकमुश्त 3 माह का चावल मिलेगा या नहीं?

## विडंबना : मवेशियों को पकड़ने नगर पालिका नहीं चला रहे अभियान

# शहर की सड़क में घूम रहे मवेशी काउ कैचर बना यार्ड में शो-पीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में इन दिनों मवेशी सड़क पर बैठे देखे जा सकते हैं। इनकी धरपकड़ हो भी तो कैसे? क्योकि, पालिका द्वारा इन्हें पकड़ने के लिए कोई अभियान नही चलाया जा रहा। चलाए भी तो कैसे क्योकि, पालिका के यार्ड में काऊ कैचर दीवार बनकर यार्ड की शोभा बढ़ा रहा है। दरअसल, दीवार के टूट जाने के बाद दीवार की जगह काउ कैचर को रख दिया गया है। इसके चलते न अभियान जारी है न मवेशियों की धरपकड़।

बता दें कि बरसात लगते ही जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग सहित भीतरी मार्गों में भी पशुओं का झुंड नजर आने लगा है। जो आने-जाने वाले वाहनो एवं राहगीरों के लिए समस्या बन रहे हैं और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। चौक-चौराहों से लेकर गलियों तक आवारा पशुओं का कब्जा हो चुका है। आवागमन प्रभावित तो हुआ ही साथ ही दुर्घटना होने से ऐसे हादसों में पशु भी घायल होते है। मवेशियों की तादाद बढ़ने पर सड़कों और गलियों से हटाकर कांजी हाऊस एवं गौशाला भेजने की मांग उठ रही है।



### ट्रैफिक विभाग भी होते है परेशान

शहर के भीतरी इलाकों में भी विभिन्न सड़कों पर गाय, बैल बीच सड़क में बैठे रहते हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है और दुर्घटना हो जाती है। इस समस्या से शहरवासी भी बेहद परेशान है। समस्या की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगया जा सकता है कि ट्रैफिक विभाग भी मवेशियों से परेशान हो जाते है।

### फिर भी सड़कों पर मवेशी

नगर पालिका के स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी नौशाद बख्श ने बताया है कि सड़कों से मवेशियों को हटाने का कार्य लगातार कर रहे है। आने वाले दो चार दिनों में रोका छेका अभियान शुरुआत करेंगें एवं पकड़े गये मवेशियों को गौशाला में पहुंचाने का कार्य प्रारंभ करेंगे। क्योंकि, शहर में एक ही कांजी हाउस है जहां जगह की कमी है।

### मवेशी भी होते हैं दुर्घटना के शिकार

बारिश के सीजन में कई मवेशी सड़कों पर आकर बैठ जाते है, शहर के हर हिस्सों में कब्जा जमाकर बैठे हुए दिखाई देते हैं। आवारा पशुओं का झुंड रात होते ही शहर के मुख्य सड़कों पर पहुंचकर बैठ जाते है। वाहन चालकों को अचानक ही अंधेरे के वजह से सामना हो जाता है। जिसके चलते कई घटना घटित हो जाती है। साथ ही मवेशी भी दुर्घटना का शिकार हो जाते है। वहीं भारी वाहन की चपेट में आने से कई मवेशियों की मौत भी हो जाती है।

### इन जगहों पर हो रहा पशुओं का जमावड़ा

शहर के बीच से जाने वाली हाइवे रोड, बीटीआई रोड, तुमगांव रोड, शहर के अंदर के चौक चौराहों पर एवं सब्जी मंडी में अक्सर घूमते और रास्तों पर बैठे नजर आते है जो बड़े हादसे की वजह बन सकते हैं।

## आज धूमधाम से निकाली जाएगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर से आज जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। आचार्य नारायण महाराज ने बताया मंदिर परिसर में सुबह भगवान जगन्नाथ, बलदेव व देवी सुभद्रा को शाही स्नान व श्रृंगार से सजाकर पूजा आरती की जाएगी। परंपरानुसार विधि विधान से 2.30 बजे रथ में विराजित भगवान की रथयात्रा का शुभारंभ किया जायेगा। रथयात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी रथ खींचने शामिल होंगे। यात्रा गांधी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए विठोबा टाकीज गुंडिचा मंडप तक नगर भ्रमण होगा और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। रथ यात्रा के दौरान शहर के चौक चौराहों पर जगन्नाथ भगवान का स्वागत करने के लिए शहर के जनप्रतिनिधि एवं नगरवासियों ने तैयारी की है।

### भतीजों ने की मारपीट

**महासमुंद।** जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बिलखंड में एक व्यक्ति के साथ उसके भतीजों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी देवसिंह निषाद पिता नारायण सिह निषाद ग्राम बिलखंड ने बताया कि वह 24 जून को अपने घर पर था। सुबह सात बजे उसके भतीजे अर्जुन पिता जलसिंह व नकुल पिता जलसिंह आवाज देकर बाहर बुलाया और गाली देते हुए मारपीट की। आरोपियों द्वारा उसके वाहन टीवीएस एक्सेल को भी ईंट पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296,115(2), 351(2), 324(1), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हेतु उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800-233-1905 जारी किया गया है, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी दिनों में सक्रिय रहेगा। इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य का कोई भी नागरिक, अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि लोग बिना किसी भय के राष्ट्रहित में सहयोग कर सकें। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार राज्य को घुसपैठियों और अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक ऐसी ताकतों को जड़ से नहीं उखाड़ा जाएगा, तब तक हमारे नागरिकों की सुरक्षा और शांति खतरे में रहेगी। यह हेल्पलाइन आम जनता को एक सीधा, सुरक्षित और प्रभावी माध्यम प्रदान करती है जिससे वे देशहित में अपनी भागीदारी निभा सकें। राज्य में अवैध बांग्लादेशी नागरिको की सूचना पर पूरी ताकत के साथ जांच और पहचान कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे इस हेल्पलाइन पर प्राप्त हर सूचना को गंभीरता से लें, आवश्यक सतर्कता बरतें।


## ज़मीन पर कब्जा होने से परेशान पीड़िता ने कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन

# जीने की नहीं बची आस, दंपत्ति ने मांगी इच्छामृत्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में एक गंभीर मामला सामने आया है जिसमें एक दंपत्ति के जमीन को गांव के दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया गया है। पिछले 10 सालों से राजस्व विभाग एवं पुलिस लगातार शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई तो दंपत्ति ने कलेक्टर और एसपी से इच्छामृत्यु की अनुमति मांग की है।

बता दे कि पिथौरा तहसील अंतर्गत ग्राम रिखादादर के एक पीड़ित दंपत्ति ने कलेक्टर और एसपी से इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है। दंपत्ति का आरोप है कि उनकी पैतृक जमीन पर गांव के दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया है और उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़ित कैलाश प्रधान और उनकी पत्नी कामिनी प्रधान ने आवेदन में लिखा है कि वे अपने पुत्र दुर्गेश और पुत्री हिमाद्री के साथ अपनी हक की ज़मीन पर वर्षों से रह रहे हैं, लेकिन ग्राम के कुछ दबंग लोग उन्हें वहां से जबरन हटाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे बीते दस वर्षों से विभिन्न सरकारी कार्यालयों में शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। कैलाश प्रधान ने बताया कि उन्हें ना केवल धमकियां मिल रही हैं, बल्कि प्रशासनिक तंत्र की अनदेखी भी उन्हें आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर कर रही है। उन्होंने प्रशासनिक उपेक्षा से आहत होकर स्वेच्छा से मृत्यु की अनुमति की मांग की है।



### 2020-21 में मिला था सीमांकन का आदेश

पीड़ितों ने जानकारी दी कि वर्ष 2020-21 में तत्कालीन तहसीलदार द्वारा सीमांकन कर विधिवत रुप से जमीन उनके पक्ष में सौंप दी गई थी। इसके बावजूद, उसी ज़मीन पर दोबारा कब्जा कर लिया गया और अब दबंग उन्हें गांव से निकालने की धमकी दे रहे हैं।

### पीड़ित परिवार की पुकार

पीड़ित दंपत्ति ने कलेक्टर और एसपी को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि वे अपने बेटे दुर्गेश और बेटी हिमाद्री के साथ वर्षों से अपनी पुश्तैनी जमीन पर रह रहे हैं। लेकिन गांव के कुछ दबंग लोग लगातार उन्हें परेशान कर रहे हैं और जबरन उनकी जमीन पर कब्जा जमाए बैठे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने जांच शुरु कर दी है और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# निकाय कर्मचारी करेंगे मुख्यमंत्री निवास का घेराव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- अपने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर करेंगे आंदोलन

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ नगरी निकाय के बैनर तले पूरे प्रदेश के 184 नगरी निकायों के नियमित कर्मचारी 5 जुलाई शनिवार दोपहर को दोपहर 12 अपने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। नगर पालिका कर्मचारी संघ उपाध्यक्ष जय किशन सोनी ने बताया कि निकाय कर्मचारियों की तीन महत्वपूर्ण मांग जिसमें अन्य विभागों की तरह 1 तारीख को वेतन भुगतान, नगरी निकाय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने और समय पर पदोन्नति प्रदान करने जैसे महत्वपूर्ण मांगों को लेकर पूरे प्रदेश भर के कर्मचारी 5 जुलाई को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

घेराव के पूर्व की सूचना प्रदेश संगठन द्वारा रायपुर कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा गया है। जिस प्रकार से पूरे देशभर में मोदी की गारंटी के तहत कार्य हो रहे हैं उसी प्रकार से साय सरकार भी छत्तीसगढ़ में नगरी निकाय कर्मचारियों की बहुत प्रतीक्षित मांगों को पूरा करें। अन्यथा आने वाले समय में शासन को इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप



### अछोली से भोरिंग पहुंच मार्ग निर्माण के लिए कलेक्टर को ज्ञापन

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्राम अछोली से भोरिंग पहुंच मार्ग निर्माण की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि ग्राम अछोली से फर्शी पत्थर उत्खनन के लिए जिला खनिज अधिकारी द्वारा लगभग तीस से अधिक खनन अनुज्ञा जारी किया गया है, खनन किए गए फर्शी पत्थर के परिवहन से लोक निर्माण विभाग भ/ स संभाग महासमुंद के अछोली से भोरिंग मार्ग पर होता है। पत्थर परिवहन से सड़क मार्ग की हालत जर्जर हो गई है, जिससे आम नागरिक एवं स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग का अछोली से भोरिंग पहुंच मार्ग सुधार कार्य के लिए खनिज न्यास मद (डीएमएफ) फंड से राशि प्रदान करने की मांग की है।

### 241 खाद्य कारोबारियों ने लिया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में खाद्य कारोबारियों को 'खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता पर आधारित खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम अभिहित अधिकारी सह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद के मार्गदर्शन में तथा शंखनाद भोई, खाद्य सुरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसमें एफएसएसएआई द्वारा अधिकृत मास्टर ट्रेनर जयदीप बसु के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जिले के सभी खाद्य कारोबारियों (किराना व्यवसायी, होटल संचालक, गुमठी/ठेला संचालक, फल विक्रेता आदि) को सुरक्षित एवं स्वच्छ खाद्य संचालन की जानकारी देना था। प्रशिक्षण में जिले के कुल 241 खाद्य कारोबारियों' ने भाग लिया। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 58, बागबाहरा के 45, बसना के 36, सरायपाली के 53 एवं पिथौरा के 49 कारोबारी शामिल है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय किराना एवं होटल व्यवसायी संघों का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और उन्हें खाद्य सुरक्षा अधिनियमों का पालन करते हुए स्वच्छ और सुरक्षित खाद्य प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

# धरती आबा जनजाति शिविरों में हितग्राहियों को मिल रहा योजनाओं का समग्र लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महासमुंद जिले में धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं लाभ शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से राजस्व, आदिवासी विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खाद्य एवं सामाजिक सुरक्षा, मनरेगा, पंचायत विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्रदान किया जा रहा है।

इसी क्रम में महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम सलिहाभाठा, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम टोंगोपानी कला, पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भुरकोनी में शिविर का आयोजन किया गया। सलिहाभाठा शिविर में कुल 106 हितग्राहियों का विभिन्न योजनाओं के तहत पंजीयन किया गया। जिसमें आधार कार्ड के लिए 21, राशन कार्ड 29, आयुष्मान कार्ड 16, जाति प्रमाण पत्र व निवास प्रमाण पत्र 5-5, जॉब कार्ड के लिए 23 हितग्राहियों ने पंजीयन कराया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया।



इसी तरह टोंगोपानी कला शिविर में कुल 181 हितग्राहियों जिसमें 22 हितग्राही आधार कार्ड के लिए, 11 राशन कार्ड, 06 आयुष्मान कार्ड, 18 जाति प्रमाण, 17 निवास प्रमाण पत्र, 21 श्रमिकों ने जॉब कार्ड, 5 ने श्रमिक कार्ड हेतु, 6 किसानों ने केसीसी के लिए एवं 14 ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत पंजीयन कराया तथा 6 हितग्राहियों ने जनधन खाता खुलवाया।

वहीं महिला बाल विकास विभाग द्वारा 9 महिलाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 8 सिकल सेल एवं 43 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। वहीं भुरकोनी शिविर में 83 हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। जिसमें आधार कार्ड के लिए 10, राशन कार्ड 09, जाति प्रमाण पत्र 24, निवास प्रमाण पत्र 14, केसीसी 02, पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत 01, जॉब कार्ड के लिए 04 हितग्राहियों ने आवेदन किया। साथ ही 2 हितग्राहियों ने जनधन खाता खुलवाया, एक गर्भवती महिला को मातृत्व वंदन योजना में पंजीयन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 8 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया।

### साप्ताहिक जन चौपाल में ग्रामीणों ने रखी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जन चौपाल में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें गंभीरता से सुनीं। इस जन चौपाल में कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का शीघ्र और प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। ताकि, आमजन को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि दूरदराज से आने वाले नागरिकों की समस्याओं को शासन की योजनाओं से जोड़ते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार लाभ दिलाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को विभागवार आवेदन सौंपे गए और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

साप्ताहिक जन चौपाल के दौरान बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कुसमी के ग्रामीणों ने शासकीय चारागाह भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। ग्राम पंचायत तमोरा अंतर्गत ग्राम तमोरा से अमलोर तक पक्की सड़क निर्माण तथा ग्राम खम्हारमुड़ा सिंघनपुर के निवासियों ने भी सड़क निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम आंवलाचक्का में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में व्याप्त अनियमितता और लापरवाही को लेकर भी ग्रामवासियों ने शिकायत दर्ज कराई। वहीं ग्राम ढाबाखार, पिथौरा की निवासी सदन बाई सिदार ने निजी भूमि पर निर्माण कार्य में बाधा की जानकारी देते हुए सुरक्षा और सहायता की मांग की। कलेक्टर लंगेह ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित एवं प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वीरांगना महारानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया बलिदान दिवस

**महासमुंद।** वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर छग अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ जिला इकाई महासमुंद एवं जनजातीय शासकीय सेवक संघ जिला इकाई महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में रानी दुर्गावती चौक पर स्थापित आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहादत दिवस पर नमन किया गया। साथ ही संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन में उनके गौरवशाली महान कार्यो को स्मरण करते हुए बताया कि रानी दुर्गावती का जन्म 1524 में हुआ था। महारानी दुर्गावती गोंडवाना राज्य के राजा दलपत शाह से उनका विवाह हुआ था। दुर्भाग्यवश विवाह के 4 वर्ष बाद ही राजा दलपतशाह का निधन हो गया। उस समय दुर्गावती का पुत्र नारायण 3 वर्ष का ही था। रानी ने स्वयं ही गढ़मंडला का शासन संभाल लिया। वर्तमान जबलपुर उनके राज्य का केंद्र था। दुर्गावती के वीरतापूर्ण चरित्र को भारतीय इतिहास से इसलिए काटकर रखा गया, क्योंकि उन्होंने मुस्लिम शासकों के विरुद्ध कड़ा संघर्ष किया था और उनको अनेक बार पराजित किया था।



महारानी ने 16 वर्ष तक राज संभाला। इस दौरान उन्होंने सोने के सिक्का का मुद्रा भी बनवाये प्रजा हितैषी शासिका थी। उन्होंने अनेक मंदिर, मठ, कुएं, बावड़ी तथा धर्मशालाएं बनवाईं। अनेक बार मुगलों को परास्त किया। रानी दुर्गावती का पराक्रम कि उसने अकबर के जुल्म के आगे झुकने से इनकार कर स्वतंत्रता और अस्मिता के लिए युद्ध भूमि को चुना और अनेक बार शत्रुओं को पराजित करते करते 24 जून 1564 को स्वयं बलिदान हो गईं। ऐसे महान विभूति हमारे समाज के प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके अमर कृति हम कभी नही भूल सकते। ऐसे महान पराक्रमी शूरवीर महारानी को शत शत नमन है। इस अवसर पर नगर के नागरिक येत राम साहू जिलाध्यक्ष, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, आनंद साहू उपाध्यक्ष, राजेंद्र चंद्राकर, अरविन्द प्रहरे, कमलेश ध्रुव प्रांतीय उपाध्यक्ष, देवेंद्र मेश्राम जिलाध्यक्ष, एसपी ध्रुव प्रांतीय सचिव, अनिल ढ़ीढ़ी उपाध्यक्ष, एमएल ध्रुव जिलाध्यक्ष, तुलेंद्र सागर, महेश ध्रुव, राजेश रात्रे, रामानंद ध्रुव, शिव कुमार ध्रुव, टोमन सिंह कागजी, कौशलेश सिंह, डमरूधर मांझी समेत बड़ी संख्या में अजाक्स एवं जनजातीय शासकीय सेवक संघ के सदस्य के साथ अजा एवं अजजा समाज के लोग व नागरिकगण उपस्थित होकर वीरांगना महारानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहादत दिवस मनाया।



### पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

**महासमुंद।** ग्राम साराडीह में गुरुवार को माता पहुंचानी पर पर जय मां शीतला समिति के सदस्यों द्वारा तालाब किनारे फलदार व छायादार पौधारोपण किया गया। सदस्यों ने बारिश के मौसम में पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर मंदिर को हरा भरा करने का संकल्प लिया। दर्जनभर विभिन्न प्रजातियों के पौधरोपण कर सभी से पौधों की देखभाल करने की अपील की। समिति के अध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर ने बताया कि सामूहिक प्रयास से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बेहतर किया जा रहा है, क्योंकि आज लगातार बढ़ते प्रदूषण, औद्योगिकीकरण और पर्यावरण संक्षरण के दौर में पौधे ही एक नई एक नया जीवन वर्तमान दौर को दे सकते हैं। जहां आज बढ़ते धूल से सांस लेना तक मुश्किल है। असमय ही लोग हृदय रोग सहित सांस की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में पौधारोपण कर एक विशेष संदेश लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। इसके लिए लगातार प्रयास जारी है। इस अवसर पर शिव चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, देवकिशन चंद्राकर, बलदाऊ चंद्राकर, लेखराम चंद्राकर, बुद्धेश्वर चंद्राकर, होरीलाल साहू, राजेश साहू, जीवन निर्मलकर, सूरज गायकवाड़, भागवत चतुर्वेदी, दीपक साहू, विपिन चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर सदस्य उपस्थित थे।

## स्कूल में योग दिवस का भव्य आयोजन

**महासमुंद।** शिशु संस्कार केंद्र में 21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से ग्यारहवीं तक के लगभग 300 विद्यार्थियों तथा शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। योगाभ्यास का नेतृत्व विद्यालय की सह प्रधानाचार्या तथा योग शिक्षिका भावना गांधी ने किया। उनके साथ कक्षा दसवीं की छात्राएं खुशी शर्मा और प्रियांशी यादव तथा कक्षा नौवीं की छात्राएँ दीपिका नायक और तनुष्का पटेल ने भी मंच पर योगासन का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास किया, जिससे उनका शरीर और मन तरोताजा हो गया। योगाभ्यास के पश्चात विद्यार्थियों को पौष्टिक अंकुरित अनाज दिए गए, जो उनके स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भावना गांधी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य अवनीश वानी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों को बधाई दी।



## जुलाई तक राशन वितरण तिथि बढ़ाने का दिया आश्वासन

### नपा उपाध्यक्ष समेत भाजपाइयों ने की खाद्य मंत्री दयालदास बघेल से मुलाकात

**महासमुंद।** जिला के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के महासमुंद आगमन पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के निवास पर सौजन्य भेंटकर शहर विकास पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी व नेता प्रतिपक्ष, पार्षद नानू भाई ने चर्चा की। साथ ही शहर के 24 सार्वजनिक वितरण राशन दुकान में चावल उत्सव मनाने की जानकारी दी गई। मंत्री बघेल ने महासमुंद के चावल उत्सव कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश के अंदर सबसे ज्यादा चावल उत्सव कार्यक्रम महासमुंद में हुआ है, इसके लिए जनप्रतिनिधिगण, भाजपा के नेता, कार्यकर्ता, पार्षदों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। राठी ने बताया कि 3 माह के एकमुश्त चावल वितरण के लिए अवधि बढ़ाने की जरूरत पड़ेगी। इस पर मंत्री दयालदास बघेल एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राशन दुकानों में 60 प्रतिशत चावल वितरण हो चुका है। नई मशीनें सभी दुकानों मे आ गयी है। जून माह के अभी 7 दिन बाकी है। जरूरत पड़ी तो राशन वितरण को जुलाई तक लिए बढ़ा दिया जाएगा। लेकिन, किसी भी हितग्राही को चावल के अधिकार से वंचित नहीं रखा जाएगा।





### नपाध्यक्ष ने किया बच्चों को गणवेश वितरण

**महासमुंद।** स्थानीय पिटियाझार वार्ड 12 स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों को गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। साहू ने बच्चों को यूनिफार्म वितरण कर प्रतिदिन स्कूल आने प्रेरित किया। साथ ही खेल कूद के साथ पढ़ाई भी मन लगाकर करने की बात कही। इस अवसर पर वार्ड 12 की पार्षद कल्पना सूर्यवंशी एवं वार्ड 23 की पार्षद भारती राजेंद्र चंद्राकर, शिक्षक, शिक्षिका गण व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के तीन छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर हैंडबॉल खेलकर किया स्कूल का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के तीन छात्र निहारिका पटेल, साहिल साहू और अनुराग बनर्जी ने हैंडबॉल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होकर स्कूल सहित जिले और राज्य का भी नाम रौशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक छात्र को 21,000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। यह सम्मान न केवल उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि यह अन्य छात्रों के लिए भी एक प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा।



इन छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर अपने प्रदर्शन को दोगुना बेहतर साबित किया, जिससे उन्हें यह विशेष सरकारी सम्मान प्राप्त हुआ है। यह क्षण पूरे रिवरडेल परिवार के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के प्राचार्य, निदेशक, समस्त शिक्षकों एवं खेल विभाग ने इन छात्रों को इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।



### बढ़ईपाली में पंचायत प्रतिनिधियों ने किया पौधारोपण

तेंदूकोना। ग्राम पंचायत बढ़ईपाली के सरपंच चंद्रसेन कोसरिया व समस्त पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा बुधवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिन सुबह पंचायत परिसर, स्कूल, मंडी व अन्य जगहों पर विभिन्न प्रजाति के कुल 80 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान उपसरपंच शिवपाल साहू, सचिव रोहित टंडन सहित सभी पंच व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## विश्व योग दिवस: तनाव को कम करने के साथ-साथ शरीर को मजबूत बनाता है योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

योग तनाव को कम करने के साथ-साथ शरीर को मजबूत बनाता है तथा स्वस्थ एवं बेहतर जीवन शैली को बढ़ावा देता है। सुखी जीवन प्राप्ति का मार्ग योग है। योग हमें संतुलित जीवन जीना सिखाता है। यह संतुलित जीवन, स्वस्थ मन एवं श्रेष्ठ विचारों का उपाय है। योग शरीर, मन और बुद्धि को जोड़ता है। योग हमारी भारतीय सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक पहचान है उक्त विचार थे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित मिडिल स्कूल खरोरा में मुख्य अतिथि सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर के।

उन्होंने कहा कि 21 जून 2015 से पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जाता है और इसका श्रेय भारत को जाता है। योग कार्यक्रम का प्रारंभ संगठन मंत्र के साथ हुआ। शिथिलीकरण अभ्यास, ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, कटि चालन, घुटना संचालन के पश्चात खड़े होकर ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन का योगाभ्यास कराया गया। बैठकर किए जाने वाले आसन भद्रासन, वज्रासन, शशांकासन, उष्ट्रासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन के पश्चात पेट के बल लेटकर मकरासन, भुजंगासन, शलभासन तथा पीठ के बल लेटकर सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवन मुक्तासन, शवासन योगाभ्यास कराया गया। प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली प्राणायाम तथा भ्रामरी प्राणायाम के पश्चात ध्यान कराया गया। उपस्थित समस्त विद्यार्थियों एवं नागरिकों द्वारा संपूर्ण समाज व विश्व में शांति, स्वास्थ्य और सौहार्द के लिए संकल्प लिया गया। शांति पाठ के साथ समापन किया गया।





योग शिक्षक के रूप में शिक्षक दुबेकुमार पटेल का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी ने कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। अतः उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग को अपने नियमित दिनचर्या में शामिल करें। उन्होंने बताया कि भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषणा करने का प्रस्ताव 2014 में रखा गया था, जिसमें रिकॉर्ड 177 सदस्यों का राष्ट्र का समर्थन मिला था। पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। शाला प्रवेशोत्सव पर नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि कमलेश चंद्राकर, पंच सविता ढीढी, संगीता यादव, रामेश्वरी ध्रुव, मोना चंद्राकर, प्रीति तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, रामप्रसाद चंद्राकर, सावित्री पटेल, राधिका चंद्राकर, चमेली यादव सहित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक, विद्यार्थी व अभिभावक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक दुबे कुमार एवं आभार प्रदर्शन प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक गायत्री चंद्राकर ने किया।

उक्ताशय की जानकारी संस्था की ओर से शिक्षक ओम प्रकाश शर्मा ने दी।

**खबर संक्षेप**

## पिथौरा के चार छात्रों का प्रयास स्कूल में चयन

**पिथौरा (ग्रामीण)।** राज्य स्तरीय प्रयास स्कूल चयन परीक्षा में नगर के चार होनहार विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।
चयनित विद्यार्थियों में अर्नव नामदेव पिता दिनेश नामदेव, अनिरुद्ध अग्रवाल पिता कमल अग्रवाल, किसलय आजमानी पिता रविंदर आजमानी, अनंत सिंह सलूजा पिता त्रिलोक सिंह सलूजा का नाम शामिल है। इन सभी का चयन कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए किया गया है।
गौरतलब है कि ये सभी विद्यार्थी सिंह ट्यूटोरियल्स पिथौरा में अध्ययनरत हैं और उन्होंने अपनी मेहनत, समर्पण और संस्था के मार्गदर्शन से यह उपलब्धि प्राप्त की है। नगर में इस सफलता पर प्रसन्नता का माहौल है। छात्रों के चयन पर सिंग ट्यूटोरियल के संचालक सतपाल सिंह ने भी हर्ष जताया है।
कार्यक्रम के पश्चात शाला विकास समिति की बैठक रखी गई। कार्यक्रम में संस्था के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई का बड़ा आंदोलन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई महासमंद के ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव ने बताया कि संगठन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर व्यवस्था के नाम पर अव्यवस्था फैलाने वाले अफसरों का युक्तियुक्तकरण करने की मांग की थी। किंतु, आज दिनांक तक संघ के आवेदन पर कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया। फेडरेशन ने आंदोलन की सूचना जवाबदार अधिकारियों को दे दी है। 28 जून को विकासखंड महासमुंद के फेडरेशन के समस्त शिक्षक पदाधिकारी सामूहिक उपवास रखकर धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। बाबूलाल ध्रुव ने बताया कि अगर विभाग दोषी अधिकारी पर कार्रवाई नहीं करेगा तो 5 जुलाई को लोहिया चौक से सीएम निवास तक पदयात्रा कर शिक्षा में अव्यवस्था फैलाने वाले अफसरों का युक्तियुक्तकरण करने की मांग कर न्याय की गुहार लगाएगा।

ज्ञात हो कि व्यवस्था के नाम पर अव्यवस्था फैलाने वाले अफसरों पर फेडरेशन ने मुखर होकर आवाज बुलंद की है। आंदोलन के दूसरे चरण के लिए जवाबदार अधिकारियों को सूचना भेज दी गई है। लंबे समय से महासमुंद विकासखंड में व्यवस्था का खेल खेला जा रहा है। अफसर शासन से ऊपर उठकर निर्णय ले रहे है और पूरी शिक्षा व्यवस्था को चौपट कर दिए है। लापरवाह अफसरों ने युक्तियुक्तकरण में व्यापक पैमाने में गलतियां की है। जिसके कारण अतिशेष न रहते हुए भी शिक्षकों को अतिशेष बनाया गया है। हद तो तब हो गई जब अफसर काउंसिलिंग प्रकिया के बाद अपने विवेक से बिना काउंसिलिंग पदस्थापना आदेश जारी किए है, जो कि युक्तियुक्तकरण गाइड लाइन के नियमों के विपरीत है। इस प्रकार से अनेक गलतियां युक्तियुक्तकरण में अफसरों की लापरवाही के चलते हुए हुई है, जिसका खामियाजा शिक्षक भुगत रहे हैं। उच्च कार्यालय से निर्देश मिलने के बाद भी जवाबदार अफसरों ने समय सीमा पूरी होने के बाद भी नियमितीकरण आदेश जारी नहीं किया। जिसके कारण जूनियर रुक गए और सीनियर शिक्षक अतिशेष बनकर रह गए। इस प्रकार की गलतियां करने वाले अफसरों का युक्तियुक्तकरण होना चाहिए, तभी शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा। ऐसे अफसर अगर पद में बने रहे तो आने वाले कुछ महीनों में स्कूलों की स्थिति पुरानी स्थिति में बदल जाएगी।


## निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताएं, जारी किए गए नोटिस

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय संयुक्त जांच टीम द्वारा मेसर्स करणी कृपा पॉवर प्रालि ग्राम खैरझिटी का गहन जांच किया गया। इस अवसर पर मनीष कुमार कुंजाम सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बलौदाबाजार, डीएन पात्र श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग, सिद्धार्थ दुबे निरीक्षक विधिक नापतौल विभाग, शशिकांत प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महासमुंद, एसके चौधरी उपअभियंता क्षेत्रीय पर्यावरण विभाग रायपुर, सिन्हा आरटीओ इंस्पेक्टर महासमुंद, इन्द्र प्रकाश टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर खनिज विभाग उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बलौदाबाजार द्वारा जांच में सुरक्षा उपकरण के बगैर कर्मचारी कार्यरत मिले। इस पर प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा रहा है। श्रम विभाग द्वारा जांच में ओवर टाईम कार्य लिया जाना पाया गया। ठेकेदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम अंतर्गत अनुज्ञप्ति लिया जाना नहीं पाया गया। इस पर भी ठेकेदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा जांच में सभी तौल उपकरण नियमानुसार सत्यापित पाये गए। कोई अनियमितता नहीं पाई गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की जांच में भी कोई कमी नहीं पाई गई। खनिज विभाग द्वारा जांच में डंप कोयले का रायल्टी स्लिप मौके पर प्रस्तुत किया गया। डंप रेत का रायल्टी पर्ची उपलब्ध नहीं कराया गया। प्रबंधन को 03 दिवस के भीतर रायल्टी पर्ची प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिया गया। परिवहन विभाग द्वारा जांच में प्लांट के अन्दर पाई गई समस्त गाड़ियां अंडरलोड पाई गई। विगत दिनों का वे-ब्रीज का विवरण प्रस्तुत किया गया। उनमें भी समस्त गाड़ियां अंडरलोड पाई गई। पर्यावरण विभाग द्वारा जांच में पाई गई कमियों के संबंध में प्रबंधन को पृथक से नोटिस जारी किया जा रहा है।

## महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष ने की बेलसोंडा मालधक्का में पार्किंग रोड बनाने की मांग




**महासमुंद।** बेलसोंडा रेलवे स्टेशन के मालधक्का में ट्रक पार्किंग की सुविधा न होने के कारण सड़क किनारे ट्रक खड़े करने पड़ते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होते रहते हैं। दुर्घटना में कितनों की जान गई । यह एक गंभीर समस्या है, जिसका समाधान निकालना आवश्यक है। इसी विषय को लेकर बुधवार को उपमुख्यमंत्री अरुण साव के महासमुंद आगमन पर महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने पत्र सौंपकर मांग रखी कि मालधक्का के आसपास पार्किंग रोड का निर्माण किया जाए। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने कहा कि मालधक्का के आसपास पार्किंग रोड की व्यवस्था होने से लोगों को इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा और दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। इससे क्षेत्र में सड़क सुरक्षा में सुधार होगा और लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उपमुख्यमंत्री साव ने इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। इससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और सड़क सुरक्षा में सुधार होगा। इस पहल से क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा और सड़क सुरक्षा में सुधार होगा, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा और लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।









## खबर संक्षेप



### कोमाखान में आज मनाया जाएगा रथयात्रा

**पटपरपाली (कोमाखान)।** कोमाखान के राधा कृष्ण हनुमान मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रथयात्रा महापर्व 27 जून शुक्रवार को अत्यधिक धूमधाम से मनाया जाएगा। भगवान जगन्नाथ की रथ ग्राम भ्रमण के लिए दोपहर 3 बजे से प्रस्थान करेंगे। रथ यात्रा के साथ साथ पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति रहेगी। समस्त श्रद्धालु भक्तों को महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर में संध्याकालीन महाआरती के साथ भजन कीर्तन एवं विभिन्न कार्यक्रम होंगे।



### वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**महासमुंद।** स्थानीय दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में बुधवार 25 जून को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की टीम के डॉक्टर जीएस दीवान और स्वास्थ्य स्टाफ द्वारा वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



### किशोरी बालिकाओं को दी गई स्वच्छता की जानकारी

**महासमुंद।** आंचल जन कल्याण समाज सेवी संस्था द्वारा ग्राम खरोरा के किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता की जानकारी दी गई। सामाजिक कार्यकर्ता डिगेश्वरी कुर्रे ने बताया कि बरसात के दिनों में हम सबको विशेष स्वच्छता रखनी चाहिए, जिससे हम और हमारे परिवार सुरक्षित रहे और हमारे निवास स्थान की आसपास का वातावरण भी स्वच्छ रहे। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता डिगेश्वरी कुर्रे, सपना विश्वकर्मा, छाया कुर्रे, अभिलाषा कुर्रे, प्रणिता बघेल, शोभिता, संध्या, रीमा, लक्ष्मी, शिवाजी, सरिता उपस्थित रहे।

### डीएपी के बदले यूरिया, पोटाश खाद का भंडारण

**महासमुंद।** वर्तमान में डीएपी की समस्या को देखते हुए शासन द्वारा वैकल्पिक उर्वरक के रूप में कृषकों को 20:20:0:13 यूरिया, पोटाश, एसएसपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने हेतु समितियों में भंडारण किया जा रहा है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सरायपाली ने बताया कि 25 जून को सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 9 सहकारी समितियों में उर्वरक का भण्डारण किया गया है। जिसमें 20:20:0:13 उर्वरक का सहकारी समिति चिंवराकुटा में 31 टन, कोटद्वारी (बलौदा) में 25 टन, रिसेकेला में 31 टन, गेर्रा में 20 टन, जंगलबेड़ा में 30 टन एवं सरायपाली में 23 टन भंडारण किया गया है। इसी तरह डीएपी उर्वरक को सहकारी समिति तोषगांव में 16 टन, तोरेसिंहा में 15 टन एवं सरायपाली में 12 टन भंडारित किया गया है।

# संवैधानिक मूल्यों को दरकिनार कर निजी स्वार्थ के लिए इंदिरा ने देश पर थोपा आपातकाल : चंद्रहास

## तुमगांव भाजपा मंडल द्वारा आपातकाल पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए बीज निगम अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा तुमगांव मंडल द्वारा आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी का आयोजन तुमगांव के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा, छग शासन) चंद्रहास चंद्राकर थे। अध्यक्षता भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने की। अन्य अतिथियों के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू, चैनू राम साहू आदि थे।

संगोष्ठी के दौरान अपने संबोधन में मुख्य वक्ता बीज निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने उन सभी राष्ट्रभक्तों को नमन किया। जिन्होंने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया और अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि



तत्कालीन इंदिरा सरकार ने लोकतांत्रिक मूल्यों व संवैधानिक संस्थाओं की अवहेलना की। आपातकाल किसी आंतरिक विद्रोह या युद्ध के कारण नहीं, बल्कि सत्ता बचाने के लिए लगाया गया। निजी स्वार्थ के लिए इंदिरा गांधी ने न्यायपालिका की निष्पक्षता को समाप्त कर दिया था। अध्यक्षता कर रहे ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने कहा कि आज से ठीक 50 वर्ष पूर्व, 25 जून 1975 को, भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक काला अध्याय जोड़ा गया, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश में आपातकाल लागू कर दिया। इस दौरान प्रेस की स्वतंत्रता का गला घोटा गया, नागरिक स्वतंत्रताओं का हनन हुआ और हजारों निर्दोष लोगों, जिन्हें 'मीसा बंदी' कहा गया, को जेलों में अमानवीय यातनाएं दी गईं। वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू ने कहा कांग्रेस ने अपनी सत्ता बचाने के लिए जिस तरह से संवैधानिक प्रावधानों का दुरुपयोग किया, वह भारतीय लोकतंत्र पर एक अमिट धब्बा है। इंदिरा सरकार के तानाशाही रवैए को देशवासी कभी नहीं भूल सकते। भाजपा नेता चैनू राम साहू ने आपातकाल को संविधान की निर्मम हत्या बताया और कहा कि 25 जून 1975 भारत के लोकतंत्र के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज है।

संगोष्ठी में प्रस्तावना उद्बोधन तुमगांव मंडल अध्यक्ष तेजेन्द्र शर्मा किया। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से मंडल उपाध्यक्ष द्वय शशिकांत साहू, संतोष चंद्राकर, महामंत्री द्रोण साहू, पोषण निर्मलकर, भुनेश्वर साहू, कमलेश निषाद, विजय साहू, नरेंद्र साहू, देवराज साहू, मुनेश साहू, उमेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी डोमार पटेल आदि उपस्थित थे।

## वीरांगना महारानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया बलिदान दिवस



**महासमुंद।** वीरांगना महारानी दुर्गावती के शहादत दिवस पर आदिवासी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बीटीआई रोड स्थित रानी दुर्गावती के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड नं. 23 पार्षद पति राजू चंद्राकर पूर्व पार्षद अरविंद प्रहरे, स्काउड गाईड जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम ने रानी दुर्गावती को नमन करते हुए कहा कि वीरांगना ने मुगल शासनकाल में शासन किया। कई बार आक्रमण उनके ऊपर हुए। आखिरी बार जब उन पर मुगल शासन के सिपाहियों ने उन पर धोखे से आक्रमण किया, तब उन्होंने उनके हाथों शहीद होना स्वीकार नहीं किया, स्वयं अपने तलवार से वे देश के लिए बलिदान हो गई। उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने रानी दुर्गावती के जीवन से सीख लेने की बात कही और कहा कि उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा।

## अमलोर संकुल में शिक्षक स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन

**महासमुंद।** संकुल स्तरीय शिक्षक स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन संकुल स्त्रोत केंद्र अमलोर में किया गया। युक्तियुक्तकरण के तहत नवपदस्थ शिक्षकों व इस संकुल से अन्यत्र पदस्थ हुए शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखपाल केके चंद्राकर को शाल, फल, स्मृति चिन्ह देकर संकुल परिवार की ओर से विदाई दी गई। नवपदस्थ शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में अपने पूर्व विद्यालय में किए गए कार्यों एवं अनुभवों को समस्त शिक्षकों के साथ साझा किए और नवपदस्थ शाला में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की बात कही। संकुल अमलोर में कार्यभार ग्रहण करने वाले घनश्याम ठाकुर, प्रदीप दास, विजय तिवारी, मिलन चक्रधारी, भूषण चंद्राकर, रामकुमार साहू, बैना देवी बंजारे, अशोक ध्रुव, रीना चंद्राकर को पुष्प गुच्छ व डायरी, पेन से स्वागत किया गया। संकुल प्राचार्य प्रतिभा त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में समस्त आगंतुक शिक्षकों को स्वागत करते हुए अपने कर्तव्यों का बेहतर ढंग से कार्य करने प्रेरित किया।

# भाजपा की केंद्र सरकार पूरे देश में लगा रखी है अघोषित आपातकाल : रश्मि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- मोदी और शाह के तानाशाही से डरी और सहमी है भाजपा

भाजपा नेताओं द्वारा अपातकाल के संदर्भ में दिए गए बयान पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि समूची भाजपा इस समय खुद मोदी और शाह की तानाशाही के सामने डरी और सहमी हुई है। इसीलिए भाजपा नेताओं को देश की असली हकीकत नहीं दिख रही हैं। छग के भाजपा नेता बिना मोदी-शाह की सहमति से एक शब्द नहीं बोल सकते। राज्य सरकार बिना मोदी, शाह की सहमति से एक भी निर्णय नहीं ले सकती है। जनता द्वारा चुनी गयी सरकारों और जनादेश को धन बल के सहारे तथा राजभवनों से हस्तक्षेप करवा कर सरकारों को हड़पने की भाजपा और उसकी केंद्र सरकार के अघोषित आपातकाल के सबसे बड़े उदाहरण है। आपातकाल देश की तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार उठाया गया संवैधानिक कदम था। संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत तत्कालीन केंद्र सरकार ने आपातकाल लगाया था। इससे बड़ा अलोकतांत्रिक कदम और आपातकाल क्या हो सकता है कि प्रजातंत्र की सबसे बड़ी पंचायत संसद के उच्च सदन में बिना बहस विधेयक पारित करवा दिया जाता है।



## मचेवा में मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व



**महासमुंद।** ग्राम मचेवा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां शीतला मंदिर प्रांगण में उत्साह के साथ जुड़वास (माता पहुंचनी) मनाया गया। शीतला मंदिर समिति द्वारा सर्वप्रथम मां शीतला का विशेष श्रृंगार फूल व गहनों से किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में विराजित हनुमान की भव्य प्रतिमाओं को आकर्षक रुप से सजाया गया। मंदिर के पुजारी गणेशु ध्रुव द्वारा माँ शीतला का हल्दी, दूध, गंगाजल से अभिषेक कर विधि विधान के भव्य आरती की गई। श्रद्धालुओं ने माता शीतला को चना दाल और खीर-पूड़ी का भोग लगाकर परिवार व अंचल की खुशहाली के लिए कामना की। गांव की महिलाओं एवं युवाओं द्वारा माता भजन, जसगीत से मंदिर परिसर को भक्तिमय कर दिया। समिति द्वारा श्रद्धालुओं को ठंडाई व प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में मानसिंग, गजानंद, छन्नू, कृष्णा, योगेश सेन, जितेंद्र साहू, योगेश ध्रुव, ईश्वर, थनवार, गुलाब, दुकालू यादव, मन्नू सहित युवाओं व ग्रामीणों का सहयोग रहा।

# भाजपा और खनिज विभाग के संरक्षण में चल रहा गजब का खेल : विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला कांग्रेस संयुक्त महामंत्री एवं पार्षद विजय साव ने कहा कि भाजपा और खनिज विभाग के संरक्षण में गजब का खेल चल रहा है।

ग्राम बरबसपुर, बिरकोनी सहित कुछ नदी से लगे ग्राम में रेत का खेल खनिजों का अवैध उत्खनन लंबे समय से चल रहा है और वर्तमान परिस्थिति अनुसार इस अवैध खेल में खनिज विभाग और भाजपा सरकार का पूरा-पूरा मौन समर्थन है, क्योंकि अतिरिक्त कमाई के चक्कर में खनिज विभाग के अधिकारी और महासमुंद के भाजपा नेता पर्यावरण और राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं। अवैध रेत परिवहन का काम 24 घंटे भारी मात्रा में किया जा रहा है, जिनसे खनिज विभाग पैसा तो वसूल लेता है।



लेकिन, उनके खिलाफ कार्रवाई करने से कतरा रहा है। जिस की वजह से अवैध उत्खननकर्ता के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। अगर यह मामला को जल्द से जल्द संज्ञान में लेते हुए इस पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में इस मामले में कांग्रेस विधायकों से मिलकर 14 जुलाई से शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे को उठाने के लिए निवेदन कर अपनी बात रखेंगे।

# एक पेड़ मां के नाम पर किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह एवं उपसंचालक कृषि महासमुंद एफआर कश्यप के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी उषा कांति खेस द्वारा पौधरोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। राष्ट्रव्यापी आंदोलन है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को अपनी माताओं को



श्रद्धांजलि देने के लिए पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है, चाहे वे जीवित हों या दिवंगत। एक पेड़ मां के नाम पर कृषि विभाग द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के ग्रा.कृ.वि.अधि. मुरलीधर पटेल, हरिशंकर कैवर्त, मंजूरानी साहू एवं किशोर कुमार टंडन प्रभुलाल यादव तथा कृषकगण उपस्थित रहें।

# आपातकाल लगाकर लोकतंत्र एवं संविधान को कुचलने वाले कांग्रेस का चरित्र उजागर करने भाजपा का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान

भारतीय जनता पार्टी मंडल कोमाखान द्वारा आपातकाल दिवस पर 50 वर्ष पूर्व आपातकाल लगाकर लोकतंत्र एवं संविधान की हत्या करने वाले कांग्रेस के चरित्र को उजागर करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता हितेश चंद्राकर उपस्थित रहे। उन्होंने आपातकाल के समय घटी हुई घटनाओं एवं उसकी पीड़ा और दंश को सभी के सामने बिंदुवार प्रस्तुत किया, उन्होंने बताया कि कांग्रेस द्वारा आपातकाल लगाकर सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करते हुए देश के नेता, समाजसेवी संस्थाओं,



पत्रकारों को अनेक यातनाएं दी गई थी, देश के अंदर अशांति एवं भय का वातावरण पैदा कर दिया गया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू एवं कार्यक्रम मंडल संयोजक, जनपद सदस्य लोचन पटेल ने भी इस विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपाजनों एवं आम नागरिकों ने इस अमानवीय कार्य के लिए कांग्रेस सरकार की कड़ी निंदा की। मंडल अध्यक्ष नितिन जैन ने कार्यक्रम की प्रस्तावना सभी के समक्ष रखी। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री लेखमणि पटेल एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के सहसंयोजक मंडल कोषाध्यक्ष परमेश्वर चौधरी ने किया।

कार्यक्रम में मंडल महामंत्री हिरेंद्र उपाध्याय, मंडल उपाध्यक्ष केवल नेताम, वंदना ठाकुर, मंडल मंत्री तुलसी साहू, महिला नेत्री किरण यदु, मंडल कार्यसमिति सदस्य केशव साहू, बल्लाराम ठाकुर, भाजपा नेता जगदीश पटेल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पंकज जैन, मंत्री भीमा साहू, परमेश्वर पटेल, देवेंद्र चक्रधारी, नरेंद्र पटेल, राजकुमार चौधरी, दीपेंद्र यादव, मुकेश गुप्ता, जयंत यादव, लालदास मानिकपुरी, अजय सोनी, जयमल, नितेश पांडे, राजा शर्मा आदि सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक की प्रथम पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महासमुंद विधानसभा से तीन बार विधायक निर्वाचित होने वाले नेता एवं बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष स्व. अग्नि चंद्राकर की प्रथम पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस भवन महासमुंद में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व विधायक स्व. अग्नि चंद्राकर को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने उनके राजनीतिक सफर के बारे में बतलाया कि कैसे एक गांव का युवा किसान गांव का सरपंच बना और आगे चलकर महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक बनकर क्षेत्र की



उन्नति के लिए काम किया। ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत लोकप्रिय रहे पूर्व विधायक स्व. अग्नि चंद्राकर का जाना न सिर्फ महासमुंद विधानसभा के लोगों के लिए अपितु जिले के लोगों के लिए दुखद है। क्योंकि, महासमुंद जिला के निर्माण में उनके संघर्षों को भुलाया नहीं जा सकता। स्व. चंद्राकर को श्रद्धांजलि देने के लिए पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू भी महासमुंद पहुंचे थे। कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि देने के पश्चात ग्राम खट्टी में आयोजित स्व. अग्नि चंद्राकर के वार्षिक श्राद्ध के कार्यक्रम में पहुंचकर पुनः श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोजकांत साहू, दाऊलाल चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, संजय शर्मा, ढेलू निषाद, हीरा बंजारे, भारत ठाकुर, ब्रिजेन बंजारे, ममता चंद्राकर, सोमेश दवे, निर्मल जैन, अमर चंद्राकर, तुलसी साहू, रवि साहू, प्रदीप चंद्राकर, राजू साहू, मिंदर चावला, कपिल साहू, अरिन चंद्राकर, शाहबाज रजवानी, टोमन कागजी, राजेंद्र साहू, केके साहू आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### निराशा बाई



**महासमुंद।** ग्राम खैराभाठा निवासी निराशा बाई ध्रुव (75) का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे फिरंता ध्रुव की धर्मपत्नी, पुनीत ध्रुव, पुनारद ध्रुव की भाभी एवं विश्वनाथ, ईश्वर ध्रुव, वीरेंद्र ध्रुव, गजेंद्र ध्रुव की माता, दिव्यांश, होमेश की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

### सीसी रोड निर्माण के लिए नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 1 शंकर नगर में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्डवासियों की उपस्थिति में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान साहू ने कहा कि सीसी रोड बनने से वार्ड वासियों को आवागमन में सुगमता होगी। उन्होंने कहा कि शहर के समस्त वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर योजना बनाई गई है। पालिका क्षेत्र वासियों को मूलभूत सुविधाएं, व्यवस्थित मार्ग तथा सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद ज्योति रिंकू चंद्राकर तथा वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बीकेबाहरा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बीकेबाहरा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर मंत्रोच्चार पूजन कर मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात शाला परिवार द्वारा अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का भी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बीके बाहरा के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों के साथ नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम शाला के प्राचार्य अंकित चंद्राकर द्वारा शाला प्रवेश उत्सव के विषय में जानकारी दी गई। तत्पश्चात शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष द्रोण पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वअनुशासन का परिचय देते हुए कड़ी मेहनत और परिश्रम करें यही सफलता का सूत्र है, इसलिए सभी बच्चे पूरी लगन के साथ मेहनत करते हुए सफलता को प्राप्त करके ऊंचे पदों पर आसीन हो। कार्यक्रम को ग्राम पंचायत बीकेबाहरा के सरपंच खेमराज साहू ने संबोधित करते हुए शाला एवं शिक्षकों के मेहनत प्रशंसा करते हुए कहा कि पालक, बालक और शिक्षकों के बीच सामंजस्य स्थापित होने से शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता बढ़ेगी। कार्यक्रम को नंद कुमार निषाद सोसायटी अध्यक्ष खल्लारी एवं लोकेश पनुरिया मंडल अध्यक्ष भाजपा ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात कक्षा नवमीं के छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरित किया गया एवं कक्षा पहली और कक्षा छठवीं के छात्र-छात्राओं को गणवेश वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से शाला आने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कौशल्या पटेल, भूपेंद्र साहू, कैलाश बरिहा, उर्मिला साहू, जनक राम ध्रुव, पीलूराम सेन, खिलेश कुमार साहू एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यामिनी साहू व्याख्याता ने किया। इसी तारतम्य में कक्षा नवमी के नवप्रवेशी बालिकाओं को निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत अतिथियों के द्वारा साइकिल वितरित की गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411